## एक नजर में

### पांचवी के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित



**गोगावा, निप्र।** अजय मोहल्ला के प्राथमिक विद्यालय गोगावा के पांचवी मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओ का पुष्प-हारो से स्वागत कर विदाई समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के संबंध मे जानकारी देते हुए समाजसेवी रिटायर्ड शिक्षक यशवंत अटोदे ने नवभारत को बताया कि विद्यालय की शिक्षिका राज श्री सोनी, नमिता खरते की उपस्थिति मे पांचवी के छात्र-छात्राओ को भोजन भी करवाया गया। विद्यालय में यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित हुआ।

### खानपुरा में एक बेहद आश्चर्यचकित करने वाला मामला सामने आया




**अंदड, निप्र।** कल समीप ग्राम खेड़ी खानपुरा में एक बेहद आश्चर्यचकित करने वाला मामला सामने आया। खेड़ी खानपुरा के पशुपालक दिलीप पाटीदार के यहाँ भैंस को प्रसव पीड़ा बड़ने एवं सामान्य प्रसव ना होने स्थिति में पशुपालक दिलीप पाटीदार ने पशुचिकित्सकों की टीम से संपर्क किया । पशुपालन विभाग की टीम ने वहाँ पहुँच कर भेस की गंभीरता पूर्वक जाँच कर सर्जरी कर प्रसव करवाने का निर्णय लिया। सामान्य प्रसव में कठिनाई का कारण गर्भ में पल रहे बछड़े का दो मुँह एवं आठ पैर थे । इस तरीक़े के बछड़े का सामान्य प्रसव संभव नहीं था डॉक्टर की टीम डा एन एस अखाड़े, डाक्टर संतोष मंडलोई, डाक्टर खेमेन्द्र रोकड़े, डाक्टर सौरभ सोलंकी एवं सहायक पशु चिकित्सक शुभम् वर्मा , तिलक वर्मा ने सर्जरी का फ़ैसला करते हुए । सफलता पूर्वक सर्जरी कर भैंस की जान बचाई। बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे एवं उन्होंने डाक्टर की टीम की सराहना की । उपसंचालक डाक्टर गुलाब सिंह सोलंकी ने बताया कि एसी दुर्लभ स्थिति में सर्जरी ही उपाय है एवं हमारी टीम ने सफलता पूर्वक अपना कार्य कर कर्तव्य का निर्वहन किया ।

### मैरेज गार्डन से फोटोग्राफर की चुराई थी बाईक, गिरफ्तारी पर मिली 6 बाईकें



**खरगोन, निप्र।** एक विवाह समारोह के दौरान मैरेज गार्डन से फोटोग्राफर की चोरी हुई बाईक की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने शातिर बाईक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी से इंदौर, उज्जैन, रतलाम, बड़वानी व खरगोन से चोरी हुई 6 बाईक जब्त की गई है। जैतापुर थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मांगरूल निवासी ने सूचना दी थी कि हरियाली मैरेज गार्डन में फोटोग्राफी के दौरान परिसर से बाईक चोरी हो गई। पुलिस ने गार्डन एवं आसपास के संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो को खंगाला। फुटेज के आधार पर संदिग्ध दीपक पिता बद्री मुजाल्दे निवासी गणेश चौक जैतापुर को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में दीपक ने बाईक चोरी करना स्वीकार करते हुए झाडियों में छिपाने का अपराध कबूला। दीपक की निशानदेही पर चोरी की गई 6 बाईकें जब्त की गई।

### रक्त कोष कार्यक्रम अंतर्गत ब्लड डोनर मोटिवेशन कार्यशाला संपन्न




**खरगोन, निप्र।** रक्त कोष कार्यक्रम अंतर्गत ब्लड डोनर मोटिवेशन कार्यशाला का आयोजन होटल कस्तूरी, राधावल्लभ मार्केट खरगोन पर किया गया। कार्यशाला में मुख्य आतिथ्य के रूप में इन्दौर के एम. व्हाय. हॉस्पिटल से सेवानिवृत्त ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. अनिल जोशी उपस्थित थे। कार्यशाला में डॉ. जोशी द्वारा रक्तदान करने की महत्ता, कैसे रक्तदान करने से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, जनकल्याण एवं सेवाभाव इत्यादी के बारे में अपना उद्बोधन दिया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलतसिंह चौहान, डॉ. विनय चौहान प्रभारी रक्तकेन्द्र अधिकारी, डॉ. रत्नेश महाजन रक्तकेन्द्र एवं पैथालॉजी विभाग, समस्त समाजसेवी संस्थाएँ, पत्रकारगण द्वारा भी रक्तदान के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये।

### प्रदेश की ए ग्रेड मंडी में 8851 रुपए मुहुर्त भाव बिका डॉलर चना, विधायक पाटीदार ने पूजन कर की खरीदी की शुरुआत

**खरगोन, निप्र।** शहन की आनंद नगर कपास मंडी में शुक्रवार से डॉलर चने की खरीदी का श्रीगणेश हुआ। करीब 304 वाहनों की आवक के बीच मंडी में मुहूर्त पूजन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, मंडी सचिव शर्मिला निनामा ने व्यापारियों की मौजूदगी में किया। मांगरुल के कृषक गजराज सोलंकी का पहला चना वाहन 8 हजार 851 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा गया। मुहूर्त में पहुंचे विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने बताया कि जिले में सिंचाई योजनाएं शुरु होने से चना सहित अन्य फसलों का रकबा बढने के साथ ही उत्पादन भी बढ़ा है, जिससे किसान समृद्ध हो रहे है। मुख्यालय पर चना खरीदी से किसानों को राहत मिली है। आगामी दिनों में डॉलर चने की आवक बढने के साथ ही यहां अच्छे दाम भी मिलने की उम्मीद है।



# महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवती माताओं की सूची प्रदान की

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 20 फरवरी को नवीन कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा विगत माह में आयोजित बैठक के प्रतिवेदन अनुसार समीक्षा करते हुए मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासखण्ड एवं शहरी क्षेत्र के प्रभारी अधिकारियों को गर्भवती माताओं का पंजीयन अनमोल पोर्टल पर करने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं का जाँच



उपचार प्रबंधन शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसरों एवं शहरी नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रसव करवाना सुनिश्चित करें। समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को कहा गया कि महिला बाल विकास अधिकारी एवं जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आशाओं कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाकर ई-केवाईसी एवं डीबीटी कार्य में सहयोग प्रदान किया जाएं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा गर्भवती माताओं की सूची प्रदान की गई। इस दौरान निर्देशित किया कि जिनका वजन 40 किलोग्राम से कम हैं उन महिलाओं की निरंतर फॉलोअप कर यह सुनिश्चित करें कि महिला का वजन बढ़ रहा है या नहीं एवं उक्त गर्भवती महिला की संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करें। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने ऐसे प्रसव केन्द्र जो क्रियाशील नहीं हैं उन समस्त प्रसव केन्द्रों को क्रियाशील करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों पर चर्चा की एवं कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही आगामी दिवस में आने वाले कार्यक्रम की समीक्षा कर प्रगति लाएं। बैठक में संभाग स्तर से डॉ. स्मिता तिवारी, जिला स्तरीय समस्त नोडल अधिकारी, स्थानीय एन.एच.एम. यूनिट, टीकाकरण यूनिट विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विस्तार प्रशिक्षक, विकासखण्ड एन.एच.एम. यूनिट तथा सहयोगी संस्थाएँ- संकल्प, अंतरा फाउंडेशन, नूरा हेल्थ एवं जपाईगो आदि उपस्थित थे।

# सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय बोरावां की छात्रा मोहिनी कुमरावत का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

**खरगोन, निप्र। सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय की छात्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस ) इकाई की स्वयंसेविका मोहिनी सुधीर कुमरावत ( बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस, प्रथम वर्ष ) का चयन मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है।**



यह शिविर चित्रकूट (जिला सतना) में आयोजित होगा, जहाँ मोहिनी देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री अरुण यादव ने छात्रा के चयन पर प्रेषित अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक दायित्वों की समझ तथा सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने का सशक्त माध्यम है। एनएसएस शिविर सामुदायिक सेवा के प्रति युवाओं को प्रेरित करते हैं तथा टीम वर्क और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से देशसेवा की भावना जागृत करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन.पी. मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की संगठन व्यवस्था में दिनांक 8 मार्च से 14 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में मोहिनी न केवल इंदौर विश्वविद्यालय बल्कि खरगोन जिले के साथ अपने महाविद्यालय का भी प्रतिनिधित्व करेंगी, जो संस्थान के लिए गौरव का विषय है।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सावन धनगर ने बताया कि मोहिनी का चयन एनएसएस की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, सक्रिय सहभागिता और नेतृत्व गुणों के आधार पर किया गया है। उनके चयन से महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की निरंतर उपलब्धियों को नई पहचान मिली है।

इस उपलब्धि पर प्रो. रानू यादव, प्रो. दिव्या यादव, प्रो. ममता पाटीदार सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए मोहिनी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंत्री शुक्ल, शाह और विजयवर्गीय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया

**कसरावद, निप्र।** कसरावद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आज शुक्रवार की सुबह 11:30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के 3 कलंकित मंत्रियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए, पुतला दहन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने भाजपा सरकार के राजेन्द्र शुक्ल, कफ सिरप से हुई मौतों के जिम्मेदार। विजय शाह, सेना और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी के दोषी। कैलाश विजयवर्गीय, दूषित जल से हुई मौतों के लिए जिम्मेदार बताया गया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा मांग की गई है कि भाजपा सरकार को तीनों कलंकित मंत्रियों इस्तीफा लेना चाहिए । इस अवसर , ब्लैक कांग्रेस अध्यक्ष परशराम यादव विधायक प्रतिनिधि अनिल यादव वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिलीप पटेल पार्षद प्रतिनिधि परमानंद खेड़े शुभम कुशवाहा चिंटू कर्मा एवं अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी उपस्थित थे।



# खनिज अधिकारी ने जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान किया

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई अपने जन्मदिन को धूमधाम से मनाना चाहता है। लोग बड़ी.बड़ी पार्टियों के जरिए इसे सेलिब्रेट करते हैं, लेकिन जिला मुख्यालय पर पदस्थ खनिज अधिकारी सावन सिंह चौहान के जन्मदिन पर अनोखा उदाहरण देखने को मिला। श्री चौहान ने अपने जन्मदिन पर लगातार 5वे वर्ष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया, बड़वाह में मूकबधिर बच्चों के साथ भोज एवं टीबी मरीजों को 100 फूड पैकेट उपलब्ध कराते हुए सामाजिक सरोकार का अलख जगाया। सुबह 11 बजे परसाई के कॉलोनी स्थित रक्षा हॉस्पिटल में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें खुद चौहान ने भी रक्तदान किया। शिविर में जिला खेल अधिकारी पवी दुबे सहित अन्य महिला अधिकारी- कर्मचारी एवं श्री चौहान के स्नेहीजनों सहित 76 अधिकारी. कर्मचारियों के साथ ही स्टोन क्रशर संगठन के पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओ ने भी दूसरों का जीवन बचाने अपना अमूल्य रक्तदान किया। श्री चौहान ने इस जन्मदिन पर नई पहल करते हुए सीएमएचओ डॉ. डीएस चौहान की उपस्थिति में आकांशी ग्राम झिरन्या ओर भीकनगांव में टीबी मरीजों को 50-50 राशन पैकेट भी उपलब्ध कराए है। खनिज अधिकारी की इस पहल की विभाग सहित सामाजिक संगठनों में भी सराहना की जा रही है। खनिज अधिकारी ने श्री चौहान ने कहा कि पिछले 5 वर्षों से रक्तदान शिविर आयोजित कर अपने जन्मदिन पर रक्तदान सहित सामाजिक कार्यो के प्रति संकल्पित कार्य कर रहे है। रक्त ऐसा पदार्थ है, जिसे कोई मशीन नही बना नही सकती। मानव द्वारा किये गए रक्त से न केवल जरूरतमंद बल्कि उसके परिवार को भी राहत मिलती है। जिला आदिवासी बाहुल्य है। पिछले कुछ समय से सिकलसेल जैसी बीमारी के मरीजो की संख्या में इजाफा हुआ है। इन मरीजों को नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है। इस रक्त की पूर्ति रक्तदान से ही पूरी हो सकती है। इसलिये नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया और दूसरों को भी प्रेरित कर रहा हूं। इसके अलावा स्टोन क्रशर साथियों के सहयोग से बड़वाह के मूकबधिर स्कूल में छोटे बच्चों के साथ स्नेह भोज का आयोजन कर बच्चों को अपनत्व का एहसास कराया गया। शिविर में डॉ. हितेश मुजाल्दा ने बताया कि वह रक्तदान शिविर में अपने हॉस्पिटल में नि:शुल्क परिसर उपलब्ध कराते है, कोई भी यहां शिविर आयोजित कर सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश भूरिया ने चौहान के सामाजिक कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि शासकीय सेवक रहते हुए सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी रहना चौहान को अन्य अधिकारियों से अलग बनाता है। अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाकर उन्होंने समाज में एक अच्छा संदेश दिया है। इस शिविर में कई रक्तदाता ऐसे भी दिखे जिन्होंने जीवन में पहली बार रक्तदान किया, खासकर महिलाएं। यह श्री चौहान के व्यक्तित्व और कृतित्व के कारण है।




# 5वीं 8वीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा शुक्रवार से प्रारंभ

**गोगावा, निप्र।** ब्लाक में 5वी 8वी वर्ष 2025/26 की वार्षिक बोर्ड परीक्षा की शुरुआत 20 फरवरी शुक्रवार से प्रारंभ हो गई है बीआरसी विवेक शर्मा ने बताया कि ब्लाक में पांचवी कक्षा के 2521ओर 8वी के 1920 कुल 4441छात्र दोनो परीक्षाओ में सम्मिलित हो रहे हे जिनकी परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से रखा गया है आज प्रथम पेपर में हिंदी अंग्रेजी उर्दू विषयो की परीक्षा बोर्ड पेटर्न पर आयोजित की जा रही है मुख्यालय के संकुल केंद्र गोगावा के अंतर्गत आने वाले माध्यमिक विद्यालय खेड़ी, माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा, बापना पब्लिक स्कूल शाहपुरा व बालक माध्यमिक विद्यालय गोगावा के चार सेंटरों पर 5वी में 763 व 8वी में 576 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित होकर परीक्षा दे रहे हैं।



# अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम किया

**खरगोन, निप्र।** म.प्र. राज्य आनंद संस्थान द्वारा 20 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम ज्योतिर्मय मुख बधिर आवासीय विद्यालय बड़वाह को किया गया। समाज में असमानता-भेदभाव को दूर कर सबके साथ न्यायपूर्ण व्यवहार हम सब मिलकर करें। यह बातें अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बड़वाह अर्चना रावत ने कही। आनंद विभाग के जिला समन्वयक के.बी. मंसारे ने बताया कि यह आनंदम सहयोगी आनंद क्लब के सदस्यों के सहयोग से किया गया। समाज में समानता, सबके लिए न्याय सुनिश्चित कर श्रमिक वर्ग, लिंग-भेद, जाति-धर्म या शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को समान अवसर देकर ही समाज का विकास संभव है। असमानता के भावों को दूर कर सबको सम्मान दें, भारतीय संवैधानिक अधिकारों का हनन न हो, ऐसे समाज का निर्माण हम सब मिलकर करें। इस अवसर पर समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने पर संस्थान की डायरेक्टर डॉ. प्रेमलता तिवारी का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। इस दौरान तहसीलदार श्री शिवराम कनासे ने भी विचार व्यक्त किए।



**एक नजर में** | कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को नेशनल लोक अदालत एवं नालसा/सालसा की योजनाओं के पाम्पलेट का वितरण किया

# सामाजिक न्याय दिवस पर नवग्रह मेले में साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर द्वारा सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर नवग्रह मेला परिसर खरगोन में 20 फरवरी को विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन ने मेला में स्थित दुकानों के व्यापारियों एवं आमजन से कहा कि गरीबी, असमानता, बेरोजगारी और भेदभाव को दूर करने की प्रतिबद्धता है तथा सामाजिक समावेश, मानवाधिकारों और सभी के लिए न्यायपूर्ण अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवर्ष 20 फरवरी को सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय और समानता के माध्यम से एक समावेशी समाज का निर्माण करना है, जहाँ कमजोर वर्गों के व्यक्तियों को सम्मान मिले। न्यायाधीश सुश्री जैन ने व्यक्तियों के संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा मोटर व्हीकल एक्ट के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी तथा जिले में आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी चन्द्रेश मण्डलोई ने आमजन को विधिक सेवा की जानकारी देते हुए कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व होता है तथा प्रत्येक नागरिक को कानून की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। विधिक सेवा आम जन को कानूनी रूप से साक्षर बनाती है तथा जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता एवं सलाह देती है। शिविर में नालसा की नशा मुक्ति योजना, बाल विवाह, बाल श्रम, बेघर बच्चों की पहचान कर उन्हें बचाना तथा उनका समुचित पुनर्वास करने, नालसा की हेल्पलाइन नम्बर 15100 योजना, नालसा की आशा योजना 2025 तथा नालसा की जागृति योजना 2025 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को नेशनल लोक अदालत एवं नालसा/सालसा की योजनाओं के पाम्पलेट का वितरण किया गया। शिविर में सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर सुश्री प्रीति जैन एवं श्री चन्द्रेश मण्डलोई ने आमजन के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया, जिसमें सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक न्याय, सभी के लिए समान अवसर एवं समावेशी समाज की गारंटी दी गई है। कार्यक्रम में मेला अधिकारी श्री राजेन्द्र चौहान, मेला सभापति श्रीमती पूजा दिनेश पाटीदार, पार्षद श्री भागीरथ बडौले एवं आमजन उपस्थित रहे।

